Roll No. ....

Total No. of Pages : 10

Total No. of Questions : 26

उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-23

विषय कोड : 1212

बहीखाता एवं एकाउण्टेन्सी

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है।

(3) प्रश्न क्रमांक **6** से **10** तक प्रत्येक **2** अंक। शब्द-सीमा **30** शब्द।

(4) प्रश्न क्रमांक **11** से **14** तक प्रत्येक **3** अंक। शब्द-सीमा **70** शब्द।

(5) प्रश्न क्रमांक **15** से **21** तक प्रत्येक **4** अंक। शब्द-सीमा **120** शब्द।

(6) प्रश्न क्रमांक **22** से **26** तक प्रत्येक **5** अंक। शब्द-सीमा **150** शब्द।

(7) प्रश्न क्रमांक **6** से **26** तक आंतरिक विकल्प दिए हैं।

(8) प्रश्नों के उत्तर साफ स्वच्छ देवें।

(9) प्रश्नों में शब्द-सीमा का विशेष ध्यान देवें।

1. सही विकल्प चुनिये–

(1) साझेदारी संलेख बनाना होता है :

(अ) अनिवार्य (ब) ऐच्छिक

(स) आवश्यक (द) इनमें से कोई नहीं

(2) प्रवेश पर पुनर्मूल्यांकन खाते के लाभ को हस्तान्तरण किया जाता है :

(अ) सभी साझेदारों के पूँजी खाते में (ब) नये साझी के खाते में

(स) पुराने साझेदारों के पूँजी खातों में (द) लाभ/हानि खाते में

(3) लाभ-अनुपात होता है :

(अ) नया अनुपात – पुराना अनुपात (ब) त्याग अनुपात – नया अनुपात

(स) पुराना अनुपात – नया अनुपात (द) नया अनुपात – त्याग अनुपात

(4) ऋणपत्रों पर ब्याज की अवधि होती है :

(अ) 3 माह (ब) 10 माह

(स) 6 माह (द) 12 माह

(5) प्रारंभिक व्ययों को किस शीर्षक में दर्शाया जाता है ?

(अ) ऋण एवं अग्रिम (ब) संचय एवं आधिक्य

(स) स्थाई सम्पत्ति (द) अन्य व्यय

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

(1) साझेदारी व्यवसाय में साझेदारों की अधिकतम संख्या .... है।

(2) ख्याति एक .... सम्पत्ति है।

(3) समापन पर फर्म की सम्पत्तियों को वसूली खाते में .... मूल्य पर हस्तान्तरण करते हैं।

(4) हरित अंश को दोबारा जारी करना .... कहलाता है।

(5) ग्राहकों से प्राप्त नगद रोकड़ .... क्रिया है।

3. सत्य अथवा असत्य बताइये :

(1) संलेख के अभाव में साझेदार को वेतन नहीं दिया जाता।

(2) नये साझेदार के प्रवेश का मुख्य कारण पूँजी की आवश्यकता है।

(3) साझेदार की मृत्यु पर देय राशि उसके उत्तराधिकारी को दी जाती है।

(4) समता अंशधारियों को मत देने का अधिकार नहीं है।

(5) सकल लाभ अनुपात एक तरलता अनुपात होता है।

4. एक शब्द अथवा वाक्य में उत्तर दीजिए :

(1) औसत लाभ में से सामान्य लाभ को घटाने पर कौनसा लाभ प्राप्त होता है ?

(2) समय के समाप्त हो जाने पर साझेदारी का विघटन कहलाता है।

(3) ऋणपत्र का प्रतिफल क्या कहलाता है ?

(4) स्टॉक को चिट्ठे में किस शीर्षक में शामिल करते हैं ?

(5) रोकड़ स्थिति में परिवर्तन सूचक विवरण कहलाता है।

5. सही जोड़ियाँ बनाइये :

	'अ'		'ब'
(1)	पुनर्मूल्यांकन खाता	(अ)	चालू दायित्व
(2)	अंशों के निर्गमन पर	(ब)	समविच्छेद बिन्दु
(3)	विविध लेनदार	(स)	क्रियाशील अनुपात
(4)	कुल लागत कुल बिक्री के बराबर	(द)	प्रीमियम क्रेडिट होता है
(5)	स्टॉक आवर्त अनुपात	(इ)	नाममात्र खाता

6. साझेदारी संलेख की **दो** बातें लिखिए।

अथवा

साझेदारी व्यवसाय की **दो** विशेषताएँ लिखिए।

7. अधिलाभ से क्या आशय है ?

अथवा

ख्याति का अर्थ लिखिये।

8. वित्तीय विश्लेषण के **दो** उद्देश्य बताइये।

अथवा

कम्पनी के मुख्य वित्तीय विवरण के नाम बताइये।

9. "संचय एवं आधिक्य" शीर्षक में लिखी जाने वाली कोई **दो** मदें लिखिए।

अथवा

वित्तीय विश्लेषण के कोई **दो** उपकरण बताइये।

10. दीर्घकालीन ऋण से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

प्रबंधकों के लिए वित्तीय विवरण के **दो** महत्व लिखिए।

11. समझौते के अभाव में साझेदारी फर्म में कौन-कौनसे नियम लागू होते हैं ?

अथवा

1 जनवरी 2018 को राम और श्याम क्रमशः 10,000 रु., 12,000 रु. लगाकर साझेदार हैं। उसी दिन राम ने बिना किसी समझौते के फर्म को 4,500 रु. का ऋण दिया है। उस वर्ष का लाभ 4,500 रु. था। समझौते के अभाव में लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइये।

12. फर्म के विघटन के मुख्य कारणों को बताइये :

अथवा

A एवं B 3 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। 31 मार्च 2018 को समाप्त पर चिट्ठा निम्न है :

दायित्व	राशि	सम्पत्तियाँ	राशि
लेनदार (Creditor)	45,000	देनदार (Debtors)	20,000
A का ऋण (A's Loan)	20,000	सम्पत्ति (Assets)	70,000
पूँजी खाता (Capital A/c)			
A = 10,000			
B = 15,000	25,000		
	90,000		90,000

उन्होंने उस तिथि को फर्म का विघटन किया। देनदारों से 15,000 रु. तथा सम्पत्तियों से 60,000 रु. वसूल हुये। वसूली खाता एवं पूँजी खाता बनाइये।

13. अंश एवं स्टॉक में अन्तर बताइये।

अथवा

अंशों के हरण की प्रक्रिया का विवरण लिखिए।

14. निम्नलिखित विवरण से चालू अनुपात निकालिए :

स्टॉक – 25,000 रु., देनदार – 20,000 रु., प्राप्त विपत्र – 5,000 रु., अग्रिम कर चुकाया – 2,000 रु., रोकड़ – 15,000 रु., लेनदार – 30,000 रु., देय विपत्र – 20,000 रु., बैंक अधिविकर्ष – 2,000 रु.

अथवा

अनुपात विश्लेषण का महत्व बताइये।

15. स्थाई पूँजी खाता पद्धति एवं परिवर्तनशील पूँजी खाता पद्धति में **चार** अन्तर बताइये।

अथवा

A, B तथा C साझेदार हैं, जिनकी पूँजी क्रमशः 50,000 रु., 30,000 रु. तथा 20,000 रु. है। समझौते के अनुसार उनकी पूँजी पर 6% वार्षिक ब्याज दिया जाता है। किन्तु आहरण पर ब्याज नहीं लगाया जाता। लाभ का विभाजन 3 : 2 : 1 में होता है। C को 5,000 रु. वार्षिक वेतन मिलता है। साझेदारों के आहरण निम्न प्रकार हैं– A = 6,000 रु., B = 5,000 रु. तथा C = 6,000 रु.। फर्म का लाभ वर्ष में समायोजन के पूर्व 62,000 रु. लाभ कमाया। लाभ-हानि नियोजन खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइये।

16. ख्याति की **चार** विशेषतायें लिखिए।

अथवा

ब्याज अनुपात एवं लाभ अनुपात में **चार** अन्तर बताइये।

17. एक फर्म की पूँजी 1,00,000 रु. है। औसत लाभ फर्म का 20,000 रु. वार्षिक है। इस प्रकार के व्यवसाय में साधारण लाभ 10% होता है। यदि ख्याति अधिलाभ के पूँजीकृत मूल्य के बराबर हो तो पूँजीकरण विधि से ख्याति निकालिए।

अथवा

ख्याति उत्पन्न होने के **चार** कारण बताइये।

18. अल्प अभिदान एवं अति अभिदान में अन्तर बताइये।

अथवा

समता लि. ने 10 रु. वाले 10,000 अंश 10% प्रीमियम पर जनता में जारी किए। राशि इस प्रकार है–2 रु. आवेदन पर, 5 रु. आबंटन पर (प्रीमियम सहित) तथा शेष राशि 4 रु. प्रथम अंतिम याचना पर देय है। सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तक में प्रविष्टियाँ कीजिए।

19. समता अंशों एवं पूर्वाधिकार अंशों में **चार** अन्तर बताइये।

अथवा

अधिकृत पूँजी एवं निगर्मित पूँजी में **चार** अन्तर बताइये।

20. अमित लि. ने अतुल ट्रेडर्स से एक मशीन 5,00,000 रु. में खरीदी। क्रय मूल्य का भुगतान 100 रु. वाले 10% ऋणपत्रों के द्वारा किया जायेगा। अमित लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टि कीजिये।

अथवा

ऋणपत्रों के विभिन्न प्रकारों को समझाइये।

21. वित्तीय विश्लेषण की सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

वित्तीय विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाइये।

22. नये साझेदार के प्रवेश की दशायें अथवा उपयोगिता समझाइये।

अथवा

अमित, नीरज तथा दीपक 2 : 3 : 5 में साझेदार हैं। उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है :

चिट्ठा (Balance Sheet)

दायित्व	राशि	सम्पत्ति	राशि
सामान्य संचय	18,000	भवन	40,000
लेनदार	12,000	फर्नीचर	20,000
पूँजी :		देनदार	15,000
अमित 20,000		रोकड़	9,000
नीरज 18,000			
दीपक 16,000	54,000		
	84,000		84,000

1 जनवरी, 2020 को अनिल व्यवसाय में $\frac{1}{5}$ भाग हेतु प्रवेश करता है। प्रवेश पर निम्न समायोजन है :

(1) भवन एवं फर्नीचर में 5% वृद्धि करें।

(2) देनदारों पर 10% प्रावधान संचय हेतु कीजिए।

(3) लेनदारों पर 5% कटौती करें।

(4) वैधानिक व्यय हेतु प्रावधान 200 रु. करें। पुनर्मूल्यांकन खाता एवं पूँजी खाते बनाइये।

(5) अनिल पूँजी के 10,000 रु. लाता है।

23. अवकाशप्राप्त साझेदार को भुगतान की जाने वाली राशि कौन-कौनसी हैं ? समझाइये।

अथवा

अखिल और निखिल समान साझेदार हैं। प्रत्येक की पूँजी 28,000 रु. है। 1 जनवरी 2018 को निखिल अवकाश लेता है, उसका पूँजी खाता 30,000 रु. का शेष बतलाता है, यह तय हुआ है कि यह राशि उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित की जाये तथा इस राशि को तीन समान किश्तों में 6% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सहित चुका दी जाये। निखिल का ऋण खाता तीन वर्षों हेतु बनाइये।

24. मंगल लि. ने 50 रु. वाले 4,000, 6% ऋणपत्र निम्न प्रकार जारी किये—आवेदन पर 5 रु., आबंटन पर 10 रु. तथा शेष 35 रु. प्रथम अंतिम याचना पर जो नहीं की गई। 800 ऋणपत्रों के धारी ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया है। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल बनाइये।

अथवा

ऋणपत्रधारी एवं अंशधारियों में **पाँच** अन्तर बताइये।

25. 'कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची भाग (1) के अनुसार चिट्ठे के दायित्व पक्ष के मुख्य शीर्षक एवं मदों को प्रदर्शित कीजिए।

अथवा

कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची भाग (1) के अनुसार चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष के मुख्य शीर्षक एवं मदों को प्रारूप में प्रदर्शित कीजिए।

26. रोकड़ प्रवाह विवरण एवं कोष प्रवाह विवरण में **पाँच** अन्तर लिखिए।

अथवा

निम्न शेषों द्वारा संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह विवरण अप्रत्यक्ष विधि द्वारा तैयार कीजिए :

विवरण	**2017**	**2018**
	(Rs.)	**(Rs.)**
देनदार (Debtors)	80,000	60,000
प्राप्त विपत्र (Bills Receivable)	16,000	20,000
लेनदार (Creditor)	40,000	30,000
अदत्त व्यय (Out. Exp.)	1,400	1,600
देय बिल (Bills Payble)	70,000	40,000
अप्राप्त आय (Accrued Income)	10,000	15,000
लाभ/हानि खाता (Profit & Loss A/c)	80,000	1,40,000